आकाशवाणी शिमला

28.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि तिरंगे की शान को कायम रखने का ये अभियान एक अनूठा उत्सव बन गया है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि जिन्होंने खादी के कपड़े नहीं खरीदे हैं, वे इस वर्ष से इसकी खरीददारी शुरू करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार 4 सौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ डेढ़ लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि खादी और हथकरघा की बढ़ती बिक्री रोज़गार के नए अवसर भी पैदा कर रही है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश की भुट्टिको शॉल सहित ऊनी कपड़ों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में कई निजी कंपनियां भी ए.आई. के माध्यम से हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने स्थानीय उत्पादों को ''माई प्रोडक्ट – माई प्राईड'' हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करने का भी आग्रह किया।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजधानी शिमला के खलीनी में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भुट्टिको नाम का उल्लेख प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है और इससे देश की जनता को हस्तकार कला संस्कृति को लेकर प्रेरणा मिलेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1944 में महज़ 12 लोगों व 23 रूपए की पूंजी के साथ पंजीकृत होने वाली कुल्लू ज़िला की भुट्टिको सोसायटी निरंतर बुलंदियों के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस सोसायटी में करीब एक हज़ार बुनकरों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिल रहा है और भुट्टिको के उत्पाद दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं।

पर्यटक

प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बीते वर्षों के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जून माह तक 6 महीने की अवधि में करीब एक करोड़ 87 हज़ार सैलानियों ने हिमाचल का रूख किया है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से 18 महीनों के कार्यकाल में राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पर्यटन उद्योग के लिए मज़बूत बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के साथ कई कदम उठाए हैं। इसके अलावा सड़क और हवाई संपर्क सुविधा को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024–25 के बजट में सरकार ने प्रदेश को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित किया है।

मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो गया है। चार अगस्त तक चलने वाले इस महोत्सव का राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर चम्बा शहर में एक शोभा यात्रा निकाली गई और राज्यपाल ने भगवान लक्ष्मीनाथ को मिर्जा परिवार द्वारा हाथ से तैयार की गई मिंजर चढ़ाकर पारंपरिक परम्परा का निर्वहन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को मिंजर महोत्सव की बधाई दी और सभी की समृद्धि व खुशहाली की भी कामना की। राज्यपाल ने कहा कि चम्बा ज़िला वर्तमान में आकांक्षी ज़िला है लेकिन सरकार द्वारा इसे आकांक्षी ज़िला से बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने देश की रक्षा में अहम योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित भी किया।

प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना के तहत पहले चरण में करीब 36 हज़ार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस चरण में प्रत्येक पंचायत से 10 किसानों को रसायन मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सरकार की ये योजना किसानों की आय बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 24 हज़ार 2 सौ 10 हैक्टेयर भूमि पर एक लाख 78 हज़ार से अधिक किसान–बागवान प्राकृतिक पद्धति से खेती कर रहे हैं। प्रदेश में प्राकृतिक खेती उत्पादों की बिक्री के लिए 10 मंडियों में स्थान निर्धारित कर आधारभूत अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार विकास कार्यों को बंद करने के लिए जानी जाएगी। एक बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 11 सौ से अधिक संस्थानों को बंद करने का कार्य किया है। इसके अलावा जनहित की कई योजनाओं को भी बंद किया गया है। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार केवल राजनीति करने में लगी है और इसका खामियाज़ा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

....